BSES

रमजान में निर्बाध बिजली के लिए विशेष टीमें गठित

नई दिल्लीः 9 जुलाई, 2013। रमजान के पवित्र महीने में दिल्लीवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बीआरपीएल और बीवाईपीएल ने पूरी तैयारी कर ली है। सभी 33 डिविजनों की ऑपरेशन व मेंटेनेंस यानी ओएंडएम टीमों, सहायता केंद्रों और कस्टमर केयर सेंटरों को हाईअलर्ट पर रखा गया है। बिजली वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए, अलग से क्विक एक्शन टीमें भी तैनात की गई हैं।

रमजान के दौरान ओएंडएम टीमों में अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती भी की गई है, ताकि बिजली सिस्टम में कोई फॉल्ट होने की स्थिति में वे जल्द से जल्द फील्ड में जाकर फॉल्ट को दुरूस्त कर सकें और लोगों को ज्यादा देर तक दिक्कतों को सामना न करना पड़े।

हालांकि, निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बीएसईएस ने तमाम तैयारियां कर ली हैं, लेकिन कभी–कभी बाहरी कारणों की वजह से उपभोक्ताओं को पूरी बिजली नहीं मिल पाती है। कुछ स्थितियां डिस्कॉम्स के नियंत्रण में नहीं होतीं। ऐसे में, डिस्कॉम्स ने लोगों से सहयोग की अपील की है और कहा है कि जैसे ही बिजली गुल हो, वे डिस्कॉम्स के कॉल सेंटर नंबर पर फोन करके सूचना दें। इसके अलावा, उपभोक्ता डिस्कॉम्स को एसएमएस भी कर सकते हैं। आईवीआरएस के माध्यम से भी बिजली गुल की सूचना दी जा सकती है।

	बीआरपीएल	बीवाईपीएल
फोन	399 99 707	399 99 808
एसएमएस	बीएसईएसआरपी टाइप करें, स्पेस दें, एनसी टाइप करें, स्पेस दें, अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5 61 61 07 पर एसएमएस कर दें	बीएसईएसवाईपी टाइप करें, स्पेस दें, एनसी टाइप करें, स्पेस दें, अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5 61 61 08 पर एसएमएस कर दें
आईवीआरएस	किसी रजिस्टर्ड नंबर से 399 99 707 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।	किसी रजिस्टर्ड नंबर से 399 99 808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।